उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

दिनांक 28.02.2018 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तद्नुसार विमर्शोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिया गया :–

1. **कार्यान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा :–**
   - i. **शौचालय निर्माण** :– ODF के तहत् व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृत, सभी योजनाओं का पूर्णता प्रमाण पत्र तथा उपलब्ध करायी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं निर्मित शौचालयों का शत–प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने तथा उनका Proper Use करने से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया।
   - ii. **पेयजलापूर्ति योजना** :– बिरहोर टोलों में पेयजलापूर्ति योजना तथा विद्यालयों एवं विभिन्न टोलों में सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजना का कार्य अब तक पूरा नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए पूर्णता प्रमाण विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
   - iii. **पुल–पुलिया निर्माण** :– उच्च स्तरीय पुल निर्माण की चार योजनाएँ तथा पुल–पुलिया की 43 योजनाएँ जिसकी स्वीकृति एवं कार्य पूरा करने की तिथि तक कार्य पूर्ण नहीं होने के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़–सह–हजारीबाग को सभी योजनाओं जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।
   - iv. **बिजुलिया तालाब एवं गढ़बाँध का जीर्णोद्धार कार्य :–** पर्यटन प्रक्षेत्र की दोनों योजनाओं की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने के फलस्वरूप इसमें तीव्रता लाने तथा शीघ्र कार्य पूरा करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ को दिया गया।

2. **योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति**

   बैठक में विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से निम्न योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अनुमोदित की गयी :–

क्र.	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)
1	माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत लईयों में Unified Command Cerntre हेतु।	25.00
2	समुद्ध सखी के तहत् माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत लईयो में ग्रामीण महिलाओं का प्रशिक्षण।	6.00
3	जिले के विधि व्यवस्था हेतु रामगढ़ शहरी क्षेत्र एवं रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में सी0सी0टी0वी0 कैमरे का अधिष्ठापन।	50.00
4	आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ा में विद्यालय–सह–छात्रावास भवन निर्माण कार्य। (ब्लॉक A)एवं लॉक B हेतु 43,93,661) का अनुमोदन।	38.06100
5	आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ा में विद्यालय–सह–छात्रावास भवन निर्माण कार्य। (ब्लॉक B)	43.93661

साथ ही, अन्य योजनाएँ जो न्यास परिषद् द्वारा पारित है तथा संवंधित एजेन्सी को उसका डी0पी0आर0 तैयार कर अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

तदोपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 105 / जि0यो रामगढ़, दिनांक 28/2/2018

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

28/2/18

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।